75 Years of Postal Training Centre, Saharanpur

The Postal Training Centre (PTC), Saharanpur, was established on April 2, 1951, to strengthen the administrative framework of independent India by providing systematic, institutional training to Postal personnel. Prior to its inception, employees relied solely on informal on-the-job training. Under the visionary leadership of Shri Rafi Ahmed Kidwai, the then Minister for Transport, Civil Aviation, and Communications, a 56.71 acres campus formerly used as a Civil Aviation Training was transferred to the Department of Posts and Telegraphs. Today, the institution stands as a living symbol of the discipline and service spirit inherent in the Department of Posts, India.

The Centre's historical journey is marked by significant administrative evolution and a legacy of excellence. Originally named the "Posts and Telegraph Training Centre," it initially trained a wide array of personnel of Department of Posts and Telegraphs. Following the departmental bifurcation on January 1, 1985, it was renamed "Postal Training Centre" to focus exclusively on Postal staff.

Currently, PTC Saharanpur serves as a modern hub of excellence for various states and union territories namely Delhi, Punjab, Himachal Pradesh, Rajasthan, Jammu & Kashmir, Uttar Pradesh, Uttarakhand, and Haryana. With the capacity to train 330 personnel at once, the Centre educates approximately 3,000 employees annually. The campus is equipped with robust infrastructure, featuring 11 modern computer laboratories, an e-Studio, a grand auditorium, and a specialized Postal and Philately Museum. Beyond technical training, the facility provides comprehensive amenities such as a gymnasium, an indoor badminton court, and the centrally located Madhuban Park, which houses a rare ancient water tank.

As the institution approaches its 75th Anniversary on April 2, 2026, it celebrates three-quarters of a century of dedication to training excellence. This milestone is a testament to the Department of Posts' commitment to institutional values and national service. Looking towards the future, the Centre is resolved to transform into a dynamic hub that continuously equips Postal employees with proficiency in practical skills, digital competence and the right mindset to serve the citizens through a rapidly evolving Postal ecosystem.

The Department of Posts proudly releases a Commemorative Postage Stamp to mark a historic milestone as PTC, Saharanpur, approaches its 75th Anniversary, honouring a legacy of commitment towards training excellence and institutional values. This anniversary serves as a tribute to the dedicated service of the Department of Posts and its ongoing efforts to modernize human resource development.

Credits:

Stamp/FDC/Brochure/ Cancellation Cachet	:	Ms. Ravneet Kaur
Text	:	Based on the content provided by PTC Saharanpur.

भारतीय डाक
India Post

डाक विभाग
DEPARTMENT OF POSTS

डाक प्रशिक्षण केन्द्र, सहारनपुर के 75 वर्ष



75 Years of Postal Training Centre, Saharanpur

विवरणिका BROCHURE

डाक प्रशिक्षण केन्द्र, सहारनपुर के 75 वर्ष

डाक प्रशिक्षण केन्द्र (पीटीसी), सहारनपुर की स्थापना 2 अप्रैल, 1951 को स्वतंत्र भारत की प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से की गई थी, जिसका लक्ष्य डाक कर्मियों को क्रमबद्ध एवं संस्थागत प्रशिक्षण प्रदान करना था। इसकी स्थापना से पूर्व, कर्मचारी केवल अनौपचारिक ऑन–दी–जॉब (व्यावहारिक) प्रशिक्षण पर निर्भर थे। भूतपूर्व परिवहन, नागर विमानन एवं संचार मंत्री श्री रफी अहमद किदवई के दूरदर्शी नेतृत्व में 56.71 एकड़ का कैंपस 'डाक एवं तार विभाग' को स्थानांतरित किया गया, जो पहले के समय में नागर विमानन प्रशिक्षण हेतु प्रयोग किया जाता था। वर्तमान में, यह संस्थान भारत के डाक विभाग में अंतर्निहित अनुशासन और सेवाभाव की जीती जागती मिसाल है।

इस केन्द्र की ऐतिहासिक यात्रा गौरवपूर्ण प्रशासनिक विकास और उत्कृष्टता से परिपूर्ण विरासत को चिह्नित करती है। इस केन्द्र का मूल नाम "डाक एवं तार प्रशिक्षण केन्द्र" था। शुरुआत में इसमें डाक एवं तार विभाग के कार्मिकों की विस्तृत शृंखला को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता था। 1 जनवरी, 1985 को डाक एवं तार विभाग के द्विभाजन के पश्चात्, विशेष रूप से डाक कर्मचारियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए इस केन्द्र का नाम बदलकर "डाक प्रशिक्षण केन्द्र" रखा गया।

वर्तमान में, पीटीसी सहारनपुर विभिन्न राज्यों और संघराज्य–क्षेत्रों नामतः दिल्ली, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, जम्मू और कश्मीर, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और हरियाणा के लिए उत्कृष्टता के आधुनिक हब के रूप में कार्य कर रहा है। एक बार में 330 कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान करने की क्षमता वाला यह केन्द्र प्रति वर्ष लगभग 3000 कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान करता है। इस कैंपस में सुदृढ़ अवसंरचना उपलब्ध है, जिनमें 11 आधुनिक कंप्यूटर प्रयोगशालाएं, एक ई– स्टूडियो, एक भव्य सभागार और एक विशेष डाक एवं फिलैटली संग्रहालय जैसी सुविधाएं शामिल हैं। यहां, तकनीकी प्रशिक्षण के अतिरिक्त व्यापक सुविधाएं प्रदान की जाती हैं जैसे व्यायामशाला, इनडोर बैडमिंटन कोर्ट। इसके बीचोंबीच मधुबन पार्क है, जिसमें एक दुर्लभ प्राचीन तालाब भी है।

यह केन्द्र, 2 अप्रैल, 2026 को अपनी 75वीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है। यह अवसर, प्रशिक्षण उत्कृष्टता को समर्पित हीरक जयंती का पर्व है। यह उपलब्धि संस्थात्मक मूल्यों और राष्ट्रीय सेवा के प्रति डाक विभाग की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। भविष्य की ओर अग्रसर होते हुए, यह केन्द्र एक गतिशील हब के रूप में विकसित हो रहा है, जो डाक कर्मियों को तेजी से बदलते डाक परिवेश के माध्यम से नागरिकों को सेवाएं प्रदान करने के लिए व्यावहारिक कौशल, डिजिटल क्षमता और सही मनोस्थिति प्रदान कर निरंतर सक्षम बना रहा है।

डाक विभाग, प्रशिक्षण उत्कृष्टता और संस्थात्मक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता की विरासत का सम्मान करते हुए, पीटीसी सहारनपुर की 75वीं वर्षगांठ पर, इस ऐतिहासिक उपलब्धि के स्मरणोत्सव पर एक स्मारक डाक–टिकट जारी करते हुए गर्व का अनुभव करता है। यह वर्षगांठ, डाक विभाग के समर्पित सेवाभाव और मानव संसाधन विकास के आधुनिकीकरण हेतु किए जा रहे प्रयासों के लिए सम्मानस्वरूप है।

आभार :

डाक–टिकट/प्रथम दिवस आवरण/विवरणिका/विरूपण कैशे पाठ : सुश्री रवनीत कौर

: पीटीसी सहारनपुर द्वारा दी गई जानकारी पर आधारित।

तकनीकी आंकड़े

TECHNICAL DATA

मूल्य	: 500 पैसे
Denomination	: 500 p
मुद्रित डाक–टिकटें	: 202800
Stamps Printed	: 202800
मुद्रण प्रक्रिया	: वेट ऑफसेट
Printing Process	: Wet Offset
मुद्रक	: प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद
Printer	: Security Printing Press, Hyderabad

The philatelic items are available for sale at Philately Bureaus across India and online at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html

©डाक विभाग, भारत सरकार। डाक टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

©Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the Stamp, First Day Cover and Information Brochure rest with the Department.

मूल्य ₹ 15.00